# मेट्रो सिटी

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

नागपुर, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025


## 23 को जामा मस्जिद में मस्जिद परिचय कार्यक्रम का आयोजन



**नागपुर.** मध्य नागपुर के मोमिनपुरा में ऐतिहासिक विशाल जामा मस्जिद स्थित है। यहां प्रतिदिन की नमाज़ों के अलावा जुमा और ईद की नमाज़ भी अदा की जाती हैं। रमज़ानुल मुबारक में इस मस्जिद में नमाज़ अदा करने वालों की संख्या में अत्यधिक बढ़ोतरी हो जाती है। जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपुर नार्थ वेस्ट और सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में इस जामा मस्जिद के परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम रविवार 23 फरवरी को जामा मस्जिद में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। आयोजनकर्ताओं ने इस अनूठे कार्यक्रम में सभी संप्रदाय के पुरुष और महिलाओं को आमंत्रित किया है। यह जानकारी जेआईएच मीडिया सचिव डॉ एम ए रशीद ने दी है।

## पारडी फ्लाईओवर के सेंट्रल एवेन्यू रोड हिस्से का उद्घाटन



**नागपुर.**

नागपुर शहर के पारडी फ्लाईओवर के सेंट्रल एवेन्यू रोड वाले हिस्से को गुरुवार को यातायात के लिए खोल दिया गया है। पूर्व नागपुर विधायक कृष्ण खोपड़े ने आम जनता के साथ मिलकर इस फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इस फ्लाईओवर के यातायात के लिए खोले जाने पर नागरिकों ने खुशी जाहिर की।

पारडी फ्लाईओवर का निर्माण पिछले कई सालो से शुरू है। फ्लाईओवर के तीन हिस्सों को 2023 में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में यातायात के लिए खोल दिया गया था, लेकिन एचबी टाउन, सेन्ट्रल एवेन्यू साइड सहित इनर रिंग रोड साइड का हिस्सा काम अधूरा होने के कारण उसे नहीं खोला गया था। पिछले कई दिनों से अधूरे काम को पूरा किया जा रहा था। गुरुवार को इस हिस्से को यातायात के लिए खोल दिया गया है। शुरुआत में फ्लाईओवर ट्रायल के लिए खोला गया है। ट्रायल पूरा होने के बाद इसे आधिकारिक तौर पर खोल दिया जाएगा। उद्घाटन के बाद खोपड़े ने समर्थको के साथ मिलकर फ्लाईओवर से सफर किया।

## कानून, प्रौद्योगिकी और सतत विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

**नागपुर.**

स्वर्गीय गोविंदराव वंजारी कॉलेज ऑफ लॉ ने 15 और 16 फरवरी 2025 को कानून, प्रौद्योगिकी और सतत विकास पर दो दिवसीय राष्ट्रीय बहुविषयक सम्मेलन का आयोजन किया गया था। सम्मेलन का आयोजन अमर सेवा मंडल की अध्यक्षा डॉ. सुशासिनी वंजारी, विधायक एड. अभिजीत वंजारी, सचिव और डॉ. स्मिता वंजारी, कोषाध्यक्ष के मार्गदर्शन में किया गया।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता अमर सेवा मंडल की कोषाध्यक्ष डॉ. स्मिता वंजारी ने की और इसमें सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, नागपुर के निदेशक प्रो. डॉ. सुखविंदर सिंह दारी और नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बैंगलोर में विधि की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नागरत्ना ने भाग लिया। उन्होंने डिजिटल युग में विकसित हो रहे कानूनी परिदृश्य और कानूनी ढांचे, तकनीकी प्रगति और स्थिरता के प्रतिच्छेदन पर अपनी व्यावहारिक चर्चा से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने उभरती प्रौद्योगिकियों द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों और अवसरों पर अंतर्दृष्टि साझा की, नैतिक और टिकाऊ प्रगति सुनिश्चित करने के लिए मजबूत कानूनी तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. स्नेहल फड़नवीस ने अतिथि का स्वागत किया और संयोजक डॉ. अर्चना सुके ने आभार व्यक्त किया।

उद्घाटन समारोह के बाद, दो तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें मुख्य वक्ता डॉ. नागरत्ना और डॉ. पवन दुग्गल, अधिवक्ता, भारतीय सर्वोच्च न्यायालय और साइबर सुरक्षा कानून पर अंतर्राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष ने सभी महत्वपूर्ण विषयों जैसे, कानूनी व्यवहार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा गोपनीयता कानून और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को शामिल करते हुए सभा को संबोधित किया।



अन्य अतिथि में डॉ. पायल थावरे प्रमुख, पीजीटीडी ऑफ लॉ, प्रो डॉ. प्रवीणा खोबरागड़े, और डॉ. अधरा देशपांडे, डॉ. बीआर अंबेडकर लॉ कॉलेज नागपुर के एसोसिएट प्रो.डॉ. आशीष बथीये, सहायक प्रोफेसर, फोरेंसिक विज्ञान विभाग, सरकारी फोरेंसिक विज्ञान संस्थान नागपुर शामिल थे। दूसरे दिन वर्चुअल मोड में समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। वर्चुअल सत्रों की अध्यक्षता डॉ. अंबेडकर कॉलेज, दीक्षाभूमि, नागपुर की विधि विभाग प्रमुख डॉ. हेमा मेनन, दिल्ली के विवेकानद स्कुल ऑफ़ लीगल स्टडीज के अधिवक्ता प्रो. डॉ. रश्मि सापेकर, सोनीपत हरियाणा से एसआरएम विश्वविद्यालय के विधि विभाग के अधिष्ठाता डॉ. विजय कुमार सिंह, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा के विधि विभाग के अधिष्ठाता डॉ. अर्चना गाडेकर साथमे कोचीन से स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनीश पिल्लई उपस्थित थे. समापन कार्यक्रम में डॉ. बी.आर. अंबेडकर विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर मोर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे.

सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. मोनिका गुसायन उन्होंने भविष्य को आकार देने में अंतःविषय सहयोग के महत्व पर जोर दिया तथा इसकी पुष्टि की. जहां कानून और प्रौद्योगिकी स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए सामंजस्य में काम करते हैं। डॉ. नंदिता गायकवाड़ ने रिपोर्ट पढ़ी, जबकि श्रीमती वैशाली शिवनकर ने आभार व्यक्त किया। कॉलेज के शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों तथा छात्रों की पूरी टीम ने सम्मेलन की सफलता के लिए प्रयास किए।

## रोटरी क्लब ईशान्य की आदिवासी छात्रों के लिए शैक्षणिक यात्रा



**नागपुर.** रोटरी क्लब ईशान्य ने आदिवासी क्षेत्र के 542 छात्रों और 40 शिक्षकों के लिए कोराडी में शैक्षणिक यात्रा का आयोजन किया। 'मुस्कान' उपक्रम के तहत रामटेक तहसील के आदिवासी क्षेत्र के 17 स्कूलों के छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि ज्योति चंद्रशेखर बावनकुले सहित रोटरी क्लब ऑफ नागपुर ईशान्य के अध्यक्ष रोटेरियन सौरभ संघानी, सीसी नॉन मेडिकल सचिन अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन विनीत मोहंता, डीजी नॉमिनेटेड रोटेरियन किशोर राठी, पीडीजी रोटेरियन राजे संग्रामसिंह और रामटेक क्षेत्र के समाजसेवी संदीप अग्रवाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक चलता रहा इसमें कुछ विदेशी पर्यटकों ने भी हिस्सा लिया. सभी छात्रों को शालेय सामग्री और खाद्य सामग्री उपहार में दी गई।

## मनपा आयुक्त ने किया पोहरा नदी प्रदूषण उन्मूलन परियोजना का निरीक्षण

**नागपुर.** मनपा आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने गुरुवार (20 तारीख) को नागपुर मनपा की पोहरा नदी प्रदूषण उन्मूलन परियोजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की है। उन्होंने मनीषनगर में शिल्पा सोसायटी और चिंचभुवन क्षेत्र में चल रहे कार्य स्थलों का दौरा किया और उनका अवलोकन किया।





इस दौरान उन्होंने संबंधितों को पाइप लाइन बिछाने के बाद उसे ठीक से भरने और बहाल करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष अविनाश ठाकरे, मनपा के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता डॉ. श्वेता बनर्जी, कार्यपालक अभियंता अनिल गेडाम, उप अभियंता आशीष तालेवार, जूनियर इंजीनियर कृष्णा कोल्हे उपस्थित थे। अविनाश ठाकरे ने आयुक्त के ध्यान में लाया कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क का जीर्णोद्धार ठीक से नहीं किया जा रहा है।

निरीक्षण के बाद आयुक्त ने विभाग को सख्त निर्देश दिए कि जीर्णोद्धार व भराई सही ढंग से न होने पर ठेकेदार, पीएमसी व संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कचोरे पाटिल नगर में नागरिकों से उनके घरों के सामने बने सीवर चैंबर के बारे में चर्चा की। नागरिकों ने आयुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। आयुक्त ने इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। केंद्र सरकार के प्रायोजित अमृत 2.0 योजना के तहत नागपुर शहर में दक्षिण सीवरेज जोन और हुडकेश्वर और नरसाला के लिए सीवेज संग्रह प्रणाली के विकास के लिए 957 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी गई है।






CMYK

# अब सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वाले नागरिकों पर भी लगेगा जुर्माना

## > एमपीसीबी अध्यक्ष का मनपा को आदेश

**नागपुर.**

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष सिद्देश कदम ने नागपुर महानगर पालिका में पर्यावरण और प्रदूषण के विषय में बैठक की। इस बैठक के बाद उन्होंने कई मुद्दों को लेकर न केवल मनपा को निर्देश दिए बल्कि मनपा को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वाले नागरिकों और कोयले और लकड़ी का इस्तेमाल करने वाले रेस्टोरेंट पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एमपीसीबी के अध्यक्ष ने चार प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की जिसमे एसटीपी प्लांट, सॉलिड वेस्ट, एयर क्वालिटी और सिंगल यूज प्लास्टिक शामिल थे। नियम के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वाले नागरिको पर भी कार्रवाई का प्रावधान है लेकिन जुर्माना अधिक होने के बाद इसकी कार्रवाई सामान्य नागरिको और ग्राहकों पर कम ही होती है. सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह के रोक लगी जा सके इसलिए नागरिको पर भी जुरमाना लगाने की सिफारिश एमपीसीबी के अध्यक्ष ने की है। हलाकि उन्होंने ये भी कहा की जुर्माने की रकम कितनी हो ये खुद मनपा तय करें।



### कोयला तंदूर पर रोक

एमपीसीबी अध्यक्ष ने कोयला आधारित तंदूरों का उपयोग करने वाली बेकरी और रेस्टोरेंट पर भी जुर्माना लगाकर कार्रवाई किये जाने का निर्देश नागपुर महानगर पालिका को दिया है. सिद्धेश कदम ने कहा की व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को एलपीजी या अन्य किसी ऊर्जा के स्त्रोत को अपनाना पड़ेगा, जिससे की प्रदुषण को रोका जा सके. एमपीसीबी अध्यक्ष ने शहर की एयर क्वालिटी इंडेक्स को लेकर चिंता व्यक्त की और बताया की आने वाले समय में खास तौर से इस विषय को लेकर पालिसी बनाई जायेगी।

# युवक ने की आत्महत्या, कारण अज्ञात

**कोंढाली.**



कोंढाली के ठवलेपूरा निवासी अनय अनिल वड्यालकर (20) ने 20 फरवरी की सुबह 4 से 5 बजे के बीच अपने ही घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस घटना की रिपोर्ट कोंढाली पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनय पिछले कई वर्षों से अपने दादा-दादी के साथ रह रहा था और उनकी देखभाल भी वही कर रहे थे। अनय रोज़ाना अपने दोस्तों के साथ सुबह टहलने जाता था, लेकिन 20 फरवरी को वह नहीं पहुंचा। जब उसके दोस्तों ने उसे सुबह 5 बजे कॉल किया, तो कोई जवाब नहीं मिला। बार-बार कॉल करने के बावजूद जब अनय ने फोन नहीं उठाया, तो दोस्त उसके घर पहुंचे। घर की खिड़की से देखने पर उन्होंने उसे पंखे से लटका हुआ पाया। तुरंत ही उन्होंने उसके दादा-दादी को इसकी सूचना दी, जो दूसरे कमरे में थे। जब परिवार ने कमरे का दरवाजा तोड़ा, तो अनय मृत अवस्था में मिला। उन्होंने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही कोंढाली थानेदार राजकुमार त्रिपाठी, ड्यूटी पर तैनात शैलेश नागरे और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए काटोल ग्रामीण अस्पताल भेज दिया। अनय द्वारा आत्महत्या किए जाने के पीछे का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की आगे की जांच युद्धबंदी नितेश राठौड़ और सुनील मोरे कर रहे हैं।

# रणाला में युवा चेतना मंच ने मनाई शिवाजी महाराज जयंती



**कामठी.**

रणाला स्थित पंकज मंगल कार्यालय चौक पर युवा चेतना मंच द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म वर्षगांठ उत्साह के साथ उनकी प्रतिमा को पूजन व माल्यार्पण कर मनाई गई। उपरांत रुद्राभिषेक व सामूहिक शिवस्तुति की गई।

इस मौके पर प्रमुख अतिथि के रूप में रनाला के पोलीस पाटील विशाल आमधरे, वरीष्ठ शिक्षक मधुकर गिरी, भाजपा ग्रामीण महामंत्री अतुल ठाकरे, सेवानिवृत्त बीएसएफ सैनिक शेषराव अढाऊ, पटवारी कैलाश भिंडे, युवा चेतना मंच नागपुर ज़िला ग्रामीण उपाध्यक्ष अतुल चोरघडे, दिव्यांग फाऊंडेशन सचिव बॉबी महेंद्र, नटवर बालाजी मंदिर सहसचिव विजय दलाल, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक ठाकरे आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम दौरान सामूहिक शिवस्तुती व सामूहिक शिव -ललकारी का आयोजन किया गया। विशेष आकर्षण में युवा चेतना मंच बाल आखाडा की ओर से बच्चों ने लाठी-काठी शिवकालीन प्रात्यक्षिक व लेझिम पथक के माध्यम से शिवकालीन नृत्य प्रस्तुत किए। उसी प्रकार छत्रपति शिवाजी महाराज की वेशभूषा धारण कर शिवाजी महाराज जीवन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर नुपूर अग्निहोत्री, प्रियांशी कुशवाह, श्रुती धूर्वे, चांदणी महीलांगे, प्रतीक्षा भलावी, साक्षी मरजिवे, प्रीती भानारकर, श्रवणी धुर्वे, आराध्या अढाऊ, रेवंत अढाऊ, सुभश्री भावे, विहा अढाऊ, वंश हीवरेकर आदि शिवभक्तों ने शिवकालीन प्रत्यक्ष प्रस्तुती पेश किए। कार्यक्रम संयोजन युवा चेतना मंच शिव उत्सव प्रमुख मयुर गुरव, सह- प्रमुख कुणाल सोलंकी, भूषण ढोमणे, युवा चेतना मंच बाल आखाडा प्रमुख डॉ.निखील अग्निहोत्री, प्रिती हीवरेकर, नम्रता भावे, संगीता अढाऊ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम सूत्रसंचालन अक्षय खोपे एवं आभार प्रदर्शन हिमांशू लोंढेकर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफलतार्श प्रा.पराग सपाटे, अमोल नागपुरे, शशांक कुकडे, हितेश बावनकुले, प्रफुल्ल बावनकुले, प्रफुल्ल सिगांडे आदि ने कड़ी मेहनत किए।



# आरकेएस पब्लिक स्कूल ने मनाई शिवाजी महाराज जयंती

**नागपुर.**

कमलादेवी खियानी बहुउद्देशीय संस्था, नागपुर द्वारा संचालित आर.के.एस. पब्लिक स्कूल में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था सचिव उषा खियानी द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक अभिवादन किया किया गया। स्कूल की प्राचार्य कीर्ति सोनी ने शिवाजी महाराज के जीवन आदर्शों को सबके सामने रखी, हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के महान कार्यों को विद्यार्थियो को अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विद्या रहांगडाले एवं आभार प्रदर्शन राहुल माटे ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में अमृता राउत, दीपक सोलंके, गुरमीत सिंह, हेमा यादव, रविन्द्र सिंग, श्यामवती वर्मा, राजप्रीति चौरसिया, रोशनी काले, प्रज्ञा मानवटकर, दीपांजलि तिवारी, मनीषा कुथे आदि प्रमुखता से उपस्थित हुए।

# भावी उद्यमियों के लिए अदाणी फाउंडेशन ने किया कार्यक्रम का आयोजन



**नागपुर.**

ग्रामीणों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित करने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से गोंडखैरी ग्राम पंचायत कार्यालय, गोंडखैरी में सोमवार को एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अदाणी पॉवर लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के सौजन्य से अदाणी फाउंडेशन द्वारा किया था, जिसमें गोंडखैरी की सरपंच श्रीमती वर्षाताई अतकरी की मौजूदगी ने इसे और खास बना दिया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन लोगों की मदद करना था, जो अपना खुद का काम शुरू कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने की दिशा में काम करना चाहते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान कुछ प्रेरणादायक वक्ताओं ने उद्यमिता के महत्व और इस दिशा में आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर रविंद्र कूबडे (उप सरपंच), विजय अतकरी (सामाजिक कार्यकर्ता), सुनील ठोंबरे (कल्याण अधिकारी), हरीश लाड (वात्सल्य एनजीओ), डॉ. आशीष शिंदे और हितेंद्र फुले (ग्राम विकास अधिकारी) ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की और इसकी सफलता के लिए अपना योगदान दिया।

# पोरवाल कॉलेज ने हर्षोल्लास से मनाई शिवाजी जयंती

**कामठी.**



स्थानीय सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा महाविद्यालय के ग्रंथालय कक्ष में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, शिव गर्जना और महाराष्ट्र गीत के साथ हुई। कार्यक्रम की प्रस्तावना में इतिहास विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. जितेन्द्र सावजी तागड़े ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन का संक्षिप्त विवरण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश पवार, पुलिस उपनिरीक्षक कामठी ठाणे ने छत्रपति शिवाजी महाराज की गुरिल्ला युद्ध पद्धति के बारे में जानकारी देते हुए सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यक्तित्व विकास के लिए उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि, श्रृष्टी कदम पुलिस उपनिरीक्षक कामठी ठाणे ने छात्राओं से बातचीत करते हुए विचार व्यक्त किए कि छत्रपति के राज्य में महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा दी जाती थी, इसलिए वह स्वराज्य था। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय चव्हाण ने छत्रपति शिवाजी महाराज का अध्ययन क्यों करना चाहिए, यह समझाते हुए उन्हें एक धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और आदर्श राजा कहा। इस अवसर पर अनुज खड़से द्वारा प्रस्तुत शिव गर्जना तथा प्रकाश गोस्वामी द्वारा प्रस्तुत पोवाड़ा गीत ने सभागार में वीर रस की भावना को जागृत किया । श्रृष्टी वाडीभस्मे, प्रणित पाटिल, धम्मदीप वासनिक और रुचिका भस्मे ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज के इतिहास को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के सफलतार्थ इतिहास अध्ययन बोर्ड के सलाहकार डॉ. जयंत रामटेके, एनसीसी इकाई के लेफ्टिनेंट मोहम्मद असरार, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशिता अंबादे, प्रा. धम्मदीना बोरकर, वेंकट, प्रवीण अंबादे, विलास पजाई, सीमा पाटिल, उमेश कनोजिया और इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत की। इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉ. मनीष चक्रवर्ती, डॉ. यशवंत मेश्राम, डॉ. अज़हर अबरार, प्रो. दीपक भवसागर, डॉ. तुषार चौधरी, डा. किशोर ढोले, डॉ. इंद्रजीत बसु, डॉ. महेश जोगी, डॉ. विकास कामडी, डॉ. शालिनी चहांदे, आशा रामटेके, डॉ. मंजरी नागमोटे, ग्रंथपाल न शिल्पा हिरेखान, शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी और बहुसंख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रज्वल सौलंकी तथा आभार प्रदर्शन सिमरन धुर्वे ने किया।

# सरजूप्रसाद दुबे जनकल्याणकारी संस्था ने मनाई शिवाजी जयंती



**कामठी.**

स्व. सरजूप्रसाद दुबे जनकल्याणकारी बहुउद्देशीय संस्था, कामठी द्वारा प्रबुद्ध नगर, नया गोदाम में छत्रपती शिवाजी महाराज की जयंती संस्था अध्यक्ष नीतू सरजूप्रसाद दुबे की अध्यक्षता में हर्षोल्लास से मनाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमिता मेश्राम ने बताया की शिवाजी महाराज की जीवनी प्रेरणादायक है। शिवाजी महाराज एक ऐसे व्यक्तित्व है। जिन्होंने अपने माता का आदर सन्मान करते हुए जीवन को आगे बढाया। वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व से स्वराज्य की निव रखी। उन्होने बताया छत्रपती शिवाजी महाराज युवा के लिये तथा हम सभी के लिये प्रेरणादायक है।

कार्यक्रम का संचालन प्राजक्ता वासनिक तथा आभार प्रदर्शन माधवी चहांदे ने किया। कार्यक्रम मे राणी बोंबले, लता चवरे, पौर्णिमा मेश्राम, कांचन बेलेकर, शशी बेलेकर, पायल वासनिक, संघमित्रा मेश्राम, रश्मी मेश्राम, ज्योत्स्ना मेश्राम, नलिनी मानवटकर, शीला वासनिक, सुनंदा मेश्राम सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## टैंक में गिरा तेंदुआ, वन विभाग ने सकुशल बचाया

**नागपुर.** पराशिवानी तहसील के वन परिक्षेत्र में मौजा करंभाड पेंढरी गांव में बने एक टैंक में तंदुआ गिर गया। मंगलवार दोपहर को घटना सामने आई। जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और सकुशल तेंदुए को बाहर निकाला।

मिली जानकारी के अनुसार, गांव के नहर रोड के बाजू में महिला किसान अनुराधा अविनाश वैद्य का खेत है. खेत में मत्स्य पालन के लिए तैयार किए गए टैंक में सोमवार की रात एक तेंदुआ गिर गया. इस घटना की जानकारी मंगलवार को दोपहर 12 बजे तब पता चली जब किसान वैद्य खेत में गई. उन्होंने तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया. सूचना मिलते ही एबी भगत, वन परिक्षेत्र अधिकारी पारशिवनी अपने कर्मचारियों के साथ घटनास्थल पहुंचे. नागपुर के वरिष्ठ अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी गई.

# रिपाई ने छत्रपति शिवाजी महाराज को किया अभिवादन

**कामठी.**



छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया गवई के नागपुर जिला अध्यक्ष सुधीर शंभरकर ने सामाजिक कार्यकर्ता आनंदराव चकोले, रवि रायबोले, पूर्व नगरसेवक संतोष यादव, वाल्मीकि समाज पूर्व सचिव शंकर टाकभौरे, सामाजिक कार्यकर्ता उदय नागदेवे की प्रमुख उपस्थिति में गोयल टॉकीज चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सामूहिक अभिवादन किया. इस अवसर पर रिपाई शहर अध्यक्ष प्रदीप वासनिक, प्रमोद चाहान्दे, मनोहर कनोजे, राजू गजभिए, रणजीत पाटील, शैलेश मेश्राम, अविनाश डहाट, सुरेंद्र गजभिए, राजेश रामटेके आदि गणमान्य नागरिक प्रमुखता से उपस्थित थे। कार्यक्रम में शिवराय के कार्यों को याद किया गया और उनके विचारों का मार्गदर्शन किया गया। उपस्थित गणमान्य लोगों ने महाराज के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

# खेतिहर मजदूर ने साथी पर किया जानलेवा हमला

## > चिखली-बोरगांव शिवार की घटना, घायल मजदूर अस्पताल में भर्ती

**कोंढाली.**



चिखली (मासोद) में एक खेत में काम करने वाले दो मजदूरों के बीच हुए विवाद के दौरान एक मजदूर ने दूसरे पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना के बाद आरोपी मजदूर मौके से फरार हो गया, जबकि गंभीर रूप से घायल मजदूर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चिखली-बोरगांव के किसान सुरेश घनश्याम बाल्की के खेत में छिंदवाड़ा जिले के मोहडोंगरी गांव निवासी देवचंद पन्ना मरस्कोल्हे (48) और बलिराम वरठी (47) मजदूरी का काम कर रहे थे। दोनों कई दिनों से इसी खेत में कार्यरत थे।

घटना 19 फरवरी की रात करीब 9 से 10 बजे के बीच की है। उस दिन दोनों मजदूर साप्ताहिक बाजार के लिए कोंढाली गए थे, जहां से वे जरूरी सामानों के साथ शराब भी लेकर आए। रात के समय खाना खाने के दौरान शराब के नशे में दोनों के बीच जमकर झगड़ा हुआ। इसी विवाद में देवचंद ने कुल्हाड़ी से बलिराम पर हमला कर दिया और उसे गंभीर हालत में छोड़कर फरार हो गया। अगली सुबह जब किसान सुरेश बाल्की खेत पर पहुंचे, तो उन्होंने बलिराम को गंभीर रूप से घायल अवस्था में देखा और तुरंत पुलिस पाटिल कमलेश धोटे को सूचना दी। इसके बाद पुलिस पाटिल ने कोंढाली थाने को इस घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही कोंढाली के थानेदार राजकुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक खांडेकर और एएसआई भोजराज तंदूरकर मौके पर पहुंचे और घायल मजदूर को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए उपविभागीय पुलिस अधिकारी बापूसाहब रोहोम भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम की मदद से फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

## खड़े कंटेनर से टकराई जीप, एक की मौत

**नागपुर.** जिले के देवलापार स्थित नागपुर जबलपुर राष्ट्रीय महामार्ग पर बुधवार तड़के दो बजे एक बड़ा हादसा हो गया। जहां एक तेज रफ्तार जीप सड़क पर खड़े कंटेनर से जा टकराई। इस हादसे में एक की मौत हो गई, वहीं अन्य 11 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी कर्नाटक के बिदर से प्रयागराज में शुरू महाकुंभ में स्नान करने के लिए जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार कर्नाटक के कुछ लोग देवदर्शन के लिए वाहन (जीप) क्र. केए 32/बी 3964 से प्रयागराज और काशी जा रहे थे. मंगलवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजे चोरबाहुली से पवनी मार्ग से गुजरते समय सड़क किनारे खड़े कंटेनर क्र. एनएल 01/ एए 8133 को पीछे से श्रद्धालुओं के वाहन चालक ने जोरदार टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में यात्री वाहन में सवार रणगप्पा माणिक रेड्डी (59) बिदर, कर्नाटक निवासी की मौत हो गई तथा 4 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए तुरंत नागपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के नि:शुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### जलालउद्दीन मुजफ्फर

**नागपुर.** मरहूम हाजी अबदुल क़लाम लूंगीवाले के बड़े बेटे जलालउद्दीन मुजफ्फर का गुरुवार को 4 बजे निधन हो गया है. उनकी आयु 65 वर्ष थी. मरहूम अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. उन्हें मोमिनपुरा कब्रिस्तान में दफन किया जाएगा.

# स्कूली वैन अनियंत्रित होकर पलटी

## > चालक समेत छह बच्चे घायल; नई कामठी क्षेत्र की घटना

**कामठी.**

स्कूली छात्रों को लेकर जा रही एक तेज रफ़्तार स्कुल वैन अनयंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चालक सहित सभी छात्र घायल हो गए।दुर्घटना से अभिभावकों में हड़कंप मच गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही माता-पिता घटनास्थल पर पहुंचे। सभी छात्रों और ड्राइवरों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह हादसा गुरुवार सुबह नई कामठी के गरुड़ चौक पर हुई।

मिली जानकारी के अनुसार, अनुसार स्कूल वैन का चालक कैलाश जिभकाटे (निवासी खैरी-भीलगांव) सेंट जोसेफ स्कूल के कुछ विद्यार्थियों को स्कूल लाने-ले जाने का काम करता है। हमेशा की तरह, आज सुबह कैलाश छह बच्चों को स्कूल वैन में लेकर स्कूल की ओर तेजी से जा रहा था, मदन चौक से गरुड़ चौक जाते समय एक मोड़ पर कैलास ने अपनी स्कूल वैन पर नियंत्रण खो दिया। परिणामस्वरूप, स्कूल वैन खाई में जा गिरी। स्कूल वैन की गति अधिक होने के कारण दो बार पलटने से उसमें सवार छह छात्र भी घायल हो गए। जिस समय दुर्घटना हुई सड़क पर यातयात शुरू था। लोग तुरंत रुके और बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला। जिसमें कई छात्र घायल थे। चालक कैलाश जिभकाटे भी गंभीर रूप से घायल हो गया। नागरिकों ने घायल छात्रों को कैंट अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि स्कूल वैन चालक कैलाश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### यातायात पुलिस की लापरवाही पर सवाल

नवीन कामठी पुलिस और यातायात शाखा के कर्मचारियों को दुर्घटना के करीब एक घंटे बाद इसकी जानकारी मिली। इस दुर्घटना की रिपोर्ट नवीन कामठी पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई। इस क्षेत्र में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, क्योंकि यातायात पुलिस हमेशा ड्यूटी पर मौजूद नहीं रहती। दुर्घटना के बाद भीड़ में चर्चा रही कि यातायात पुलिस का ध्यान सड़क पर यातायात नियंत्रित करने पर नहीं था, बल्कि वे केवल चौराहे पर घूमकर वाहन चालकों को लूटने में व्यस्त थे।

# धनोजे कुनबी समाज मंडल का उप-वर-वधू परिचय सम्मेलन 23 को

## > उल्लेखनीय कार्य करने वाले होंगे सम्मानित

**सावनेर.**

धनोजे कुनबी समाज मंडल, सावनेर और धनोजे कुनबी युवा मंच, नागपुर (ग्रामीण) के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 23 फरवरी को "मधुमालती हॉल", पुराना पांढुर्ना रोड, सावनेर में वर-वधू परिचय सम्मेलन, स्वागत समारोह एवं स्नेहमिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक, राजनीतिक, औद्योगिक, खेल, शैक्षिक और कृषि क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ नागरिक, युवा, महिलाएं एवं पुरुष शामिल होंगे। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। धनोजे कुनबी समाज ग्रामीण क्षेत्रों में बहुसंख्यक है और उनकी विभिन्न समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से 2020 में सहायक धर्मादाय आयुक्त, नागपुर के साथ पंजीकृत "धनोजे कुनबी समाज मंडल, सावनेर" नामक संगठन की स्थापना की गई। संगठन का मुख्य उद्देश्य सावनेर में एक भव्य सामुदायिक भवन का निर्माण करना और उसके माध्यम से विभिन्न सामाजिक कल्याण गतिविधियों को लागू करना है।

यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को विवाह के लिए सही जीवनसाथी चुनने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर समुदाय के युवा एक मंच पर आकर समाज को संगठित करने का कार्य करेंगे। युवा मंच ने ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सामुदायिक सदस्यों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया है।

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी मंडल के अध्यक्ष गंगाधर माडेकर, सचिव संजय मोवड़े, कोषाध्यक्ष शंकरराव ढोके एवं युवा मंच के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने दी।

# तुअर की खरीदी बाधित; गारंटी से मिल रही कम कीमत

## खरीद शुरू होने का इंतजार कर रहे किसान

**अमरावती.**



केंद्र और राज्य सरकार ने किसानों से 24 जनवरी से 'नाफेड' के साथ-साथ पणन महासंघ से तुअर खरीद के लिए पंजीकरण कराने का अनुरोध किया था। लेकिन, आधिकारिक वेबसाइट पोर्टल चालू नहीं होने के कारण तुअर खरीद के लिए पंजीकरण बाधित हो गया है। इसके चलते अभी तक किसान गारंटी मूल्य केंद्रों पर पंजीकरण और खरीद शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।

दिसंबर-जनवरी के दौरान ठंड अधिक पड़ते ही किसानों के घर तुअर की पैदावार होने लगी। नये साल में तुअर की फसल जोरदार होने से किसानों में उत्साह का माहौल है। गारंटीशुदा खरीद केंद्रों पर 7,550 रुपये की गारंटीशुदा कीमत पर तुअर की खरीद की घोषणा करके किसानों को जनवरी के दौरान पंजीकरण कराने का भी आह्वान किया गया था। जिले के किसानों ने तुअर उत्पाद हाथ में आते ही बाजार समिति में बिक्री के लिए लाना शुरू कर दिया है। लेकिन बाजार में गिरती कीमत पर कम दर्जे वाली वस्तु के रूप में किसानों से तुअर खरीदने की तस्वीर सामने आ रही है। मंगलवार को अमरावती बाजार समिति में 10 हजार 371 क्विंटल तुअर की आवक हुई। न्यूनतम 7 हजार और अधिकतम 7 हजार 500 यानी औसत रेट 7 हजार 250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। पिछले डेढ़ महीने में बाजार में 1 लाख 30 हजार क्विंटल तुअर की आवक हुई है। औसत दर 7,200 रुपये है और गारंटी दर की तुलना में प्रति क्विंटल 2500 रुपये कम है।

शुष्क भूमि में कपास, सोयाबीन और तुअर ख़रीफ़ मौसम की मुख्य फ़सलें हैं। इस साल तीनों फसलों के बाजार मूल्य में भारी गिरावट आई है। राज्य सरकार ने सोयाबीन की सरकारी खरीदी की। हालांकि लक्ष्य से आधी सोयाबीन ही खरीदी जा सकी है। कपास की खरीद सीसीआई के माध्यम से की जा रही है, लेकिन तकनीकी कारणों से पिछले एक सप्ताह से यह रुकी हुई है।

### जिले में 39 हजार टन खरीद का लक्ष्य

❍ अब तुअर की सरकारी खरीद होगी। 13 फरवरी से खरीद शुरू करने के आदेश हैं। हालांकि अभी खरीद शुरू नहीं हुई है। जिले में बीस केंद्रों पर खरीद होगी। इन केंद्रों को खरीद के लक्ष्य दिए गए हैं। तुअर के बाजार में आते ही बाजार समितियों में तुअर की कीमतों में लगभग एक हजार रुपये की गिरावट आ गयी है। इसलिए नाफेड और पणन महासंघ के तहत सरकारी गारंटी वाले मूल्य केंद्रों में खरीद अभी तक शुरू नहीं हुई है। जिले में 39 हजार 654 टन खरीद का लक्ष्य दिया गया है। इस सीजन में 1 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में तुअर की बुआई हुई है। कृषि विभाग ने जिले की औसत उत्पादकता 1 हजार 360 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर आंकी है और इस वर्ष 1 लाख 58 हजार 696 टन उत्पादन की संभावना जताई है। इस उत्पादकता के आधार पर 25 प्रतिशत तुअर खरीदी जाएगी।

# समृद्धि महामार्ग पर चलती कार में लगी आग



## दो की मौत, एक गंभीर

**बुलढाणा.**

समृद्धि महामार्ग पर हादसों का दौर लगातार जारी है। गुरुवार सुबह बुलढाणा जिले के सिंदखेड राजा तहसील के दुसरबीड़ में एक बड़ा हादसा हो गया, जहां एक तेज रफ़्तार कार में अचानक लग गई, और देखते ही देखते आग पूरी कार में फ़ैल गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीँ एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एक चार पहिया यात्री वाहन में अचानक आग लग गई। जल्द ही पूरा वाहन आग की लपटों में घिर गया।

इस घटना में दो लोगों की दुखद मौत हो गई। तीसरा यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस, राजमार्ग पुलिस, विशेष एम्बुलेंस और अग्निशमन दल घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। यह चार पहिया वाहन मुंबई से अकोला जा रहा था। वाहन में अचानक आग लग गई और तेज आवाज के कारण आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। कार की आग बुझा दी गई है और समृद्धि मार्ग पर यातायात बहाल कर दिया गया है।

# आदिवासी विभाग ने 1,497 पदों पर निकाली भर्ती

## संवाद आधार पर होगी नियुक्ति



**वर्धा.**

विभिन्न सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं। यद्यपि इनके भरने पर कुछ प्रतिबंध है, किन्तु रिक्तियों के कारण विलम्ब हो रहा है, अतः आवश्यकतानुसार पदों को भरा जा रहा है। अब सरकार के आदिवासी विकास विभाग ने इन पदों को भरने का निर्णय लिया है। 1,497 पदों को बाह्य स्रोतों के माध्यम से भरने का निर्णय लिया है। आदिवासी विकास विभाग के 16 नवंबर 2022 के निर्णय द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय की संशोधित संरचना तय की गई है। इस सरकारी निर्णय का विषय आदिवासी विकास विभाग के सरकारी आश्रम स्कूल में पदों का मुद्दा है। तदनुसार, इन विद्यालयों में कला अध्यापकों, खेल अध्यापकों तथा कम्प्यूटर अध्यापकों के पदों पर बाह्य स्रोतों से भर्ती करने का निर्णय लिया गया है।

संशोधित प्रारूप में निर्धारित अनुसार, सरकारी आश्रम विद्यालयों में इन पदों की सेवाओं को आउटसोर्स करने के लिए 'गेम' पोर्टल पर निविदा प्रक्रिया आयोजित करने के लिए प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की गई। अब 18 फरवरी को ऐसा निर्णय लिया गया है। जनजातीय विकास विभाग के विभिन्न परियोजना कार्यालय हैं। यह प्रक्रिया इसके माध्यम से होती है। अब नासिक स्थित आदिवासी विकास विभाग के आयुक्त कार्यालय ने 2 जनवरी 2025 को पदों की संख्या प्रस्तावित की है। तदनुसार, सरकारी आश्रम विद्यालयों में कला शिक्षक, खेल शिक्षक और कंप्यूटर शिक्षक के 1,497 पदों को बाह्य स्रोतों के माध्यम से भरने के लिए निविदा प्रक्रिया लागू की जाएगी। इसे क्रियान्वित करने के लिए 81 करोड़ 8 लाख 75 हजार रूपए की अनुमानित राशि के प्रस्ताव को शर्तों के अधीन प्रशासकीय स्वीकृति दी जा रही है। सरकारी आश्रम विद्यालयों में कुल 1,497 पद भरे जाएंगे, जिनमें 499 कला शिक्षक, 499 खेल शिक्षक और 499 कंप्यूटर शिक्षक शामिल हैं। इसके लिए कुछ शर्तें हैं। ये पद बाह्य भर्ती के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके लिए प्रक्रिया मैनुअल ऊर्जा विभाग के मैनुअल के समान ही होगा। पदों को भरने के लिए निर्दिष्ट पोर्टल पर निविदा प्रक्रिया आयोजित करनी होगी।

इस प्रशासनिक स्वीकृति के आधार पर इस वक्तव्य का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। निविदा को अंतिम रूप देने से पहले एक पूर्व-निविदा बैठक आयोजित की जानी चाहिए। आदेश में कहा गया है कि निविदाकर्ताओं के प्रस्तुतीकरण से संबंधित समस्याओं की समय पर पहचान की जाए और उनका समाधान किया जा सके। राज्य में बड़ी संख्या में आदिवासी आश्रम स्कूल हैं। इसका नियंत्रण जनजातीय परियोजना कार्यालय द्वारा किया जाता है। अब इसी कार्यालय ने मुख्य विषय के अलावा अन्य विषयों के लिए भी शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# संत गजानन महाराज का 140वां प्रकट दिन मनाया

## शेगांव में भक्तों की लगी भीड़

**बुलढाणा.**



संतों की नगरी शेगाव में संतों की नगरी के आराध्य देव श्री संत गजानन महाराज का 147वां प्रकट दिवस समारोह गुरुवार 20 फरवरी माघ 7 को भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। शेगाँव शहर इस समारोह के लिए पूरी तरह तैयार रहे। बुधवार, 19 फरवरी की शाम तक श्री के प्रगट दिन उत्सव के आयोजन के लिए राज्य भर से 840 से अधिक भजनी दिन्ड्याएं पहुंच चुकी थीं और शेगाव में भजनी दिन्ड्याओं का आगमन जारी रहा। वहीं सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। योगीराज संत श्री गजानन महाराज का 147वां प्रगट दिवस उत्सव गुरुवार 13 फरवरी को प्रातः 11 बजे श्री महारुद्र स्वाहाकार यज्ञ की पूजा के साथ प्रारंभ हुआ। इस बीच, श्री का प्रकटोत्सव महोत्सव गुरुवार 20 फरवरी को विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भक्तिमय एवं मंगलमय वातावरण में मनाया गया। इसी के अनुरूप श्री मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। मंदिर में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गया था, जिनमें काकड़ा, भजन, दोपहर में प्रवचन, शाम को हरिपथ और रात्रि में महाराष्ट्र के प्रसिद्ध महाराजाओं द्वारा कीर्तन शामिल हैं। गुरूवार 20 फरवरी को भगवान के प्रकटोत्सव के दिन प्रातः 10 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति हुई तथा अंतिम स्नान किया गया। इसके बाद सुबह 10 से दोपहर 12 बजे के बीच भरत बुवा पाटिल म्हैसवाड़ी द्वारा शेगवी श्री की जयंती के अवसर पर कीर्तन हुआ। इसके बाद शाम 4 बजे श्री के प्रकट दिवस के अवसर पर श्री की पालकी को घोड़ों, रथों व मेणाओं के साथ श्री के मंदिर से शोभायात्रा के रूप में निकाली गई।

कुछ दिन पहले राज्य के विभिन्न भागों से भेजे गए भजन 19 तारीख को शेगाँव शहर में पहुंचने लगे। उनकी समुचित व्यवस्था की जा रही। कुछ मामले 20 तारीख को दायर किये गए। श्री प्रगट दिवस महोत्सव के अवसर पर 20 फरवरी को श्री की पालकी यात्रा घोड़े व भजन दिंडी के साथ शाम 4 बजे श्री मंदिर परिसर से निकली। श्री पालखी परिक्रमा मंदिर के समीप सेवाधारी प्रसादालयउ त्तर द्वार से महात्मा फुले बैंक के सामने, क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिराव फुले चौक से, श्री संत सावता माली चौक से, श्री हरिहर मंदिर के पास, भीम नगर (तीन पुतला क्षेत्र) से, स्कूल क्रमांक 2 (सावित्रीबाई फुले चौक), फुले नगर से, श्री प्रगट स्थल के पास, सीतामाता मंदिर से, लाइब्रेरी के पास (श्री गर्गाचार्य मंदिर के सामने), पश्चिम द्वार से शाम 6 बजे के करीब वापस श्री मंदिर परिसर में लौटी। श्री के प्रकट दिवस महोत्सव के अवसर पर श्री के मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई। मंदिर परिसर में केले के पेड़ के स्तंभ और आम के पत्तों के मेहराब लगाए गए। मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए तथा किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए वन-वे लेन बनाई गई। श्री की समाधि, श्री का मुख, श्री महाप्रसाद, श्री परायण काख मंडप आदि के दर्शन की व्यवस्था की गई थी।

# तीन वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत

**वाशिम.**

वाशिम जिले के करंजा कस्बे में एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और हृदय विदारक घटना सामने आई है। घर के सामने खेलते समय तीन साल का बच्चा सात से आठ फुट गहरे गड्ढे में गिर गया। बच्चा उस गड्ढे के पानी में डूबकर मर गया। इस घटना से हर जगह आक्रोश फैल रहा है। करंजा शहर के समता नगर निवासी तीन वर्षीय बच्चा मोहम्मद अर्जन अपने घर से लापता हो गया। परिवार ने इलाके की खोज की। हालाँकि, वह उपस्थित नहीं हुए। शाम सात बजे तक हर जगह तलाश करने के बाद भी जब बच्चा नहीं मिला तो परिवार परेशान हो गया। इसी बीच, इलाके के एक व्यक्ति ने मोहम्मद अर्जन को अपने घर के पास एक गड्ढे के पास खेलते देखा। उसने इसकी जानकारी परिजनों को दी। सामने वाले घर के पास सात-आठ फुट गहरा गड्ढा था। यह अनुमान लगाया गया कि कोई बच्चा गड्ढे में गिर गया होगा। वह गड्ढा पानी से भर गया था। जेसीबी की मदद से गड्ढे में जमा पानी को निकाला गया।

जैसे ही गड्ढे का पानी कम हुआ, तीन वर्षीय मोहम्मद अर्जन का शव भी बाहर आ गया। उसे तुरंत सरकारी अस्पताल लाया गया। उपस्थित चिकित्सक ने उसकी जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया। यह बात सुनकर परिवार में चीख पुकार मच गई। रिश्तेदारों ने घटना की सूचना करंजा सिटी पुलिस स्टेशन में दी। मोहम्मद अर्जन का पोस्टमार्टम किया गया। करंजा पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना से इलाके में शोक फैल गया है।

# यवतमाल में पकड़ा गया झारखंड में सक्रिय नक्सली दलम कमांडर दिलीप

## डेढ़ महीने की ट्रैकिंग के बाद आया हाथ

**यवतमाल.**



यवतमाल पुलिस ने झारखंड के नक्सली दलम कमांडर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई स्थानीय अपराध शाखा पुलिस टीम ने डेढ़ महीने की ट्रैकिंग के बाद यहां लकड़गंज इलाके में की। टीप्पागढ़ गढ़चिरोली जिले में एक छोटा सा किला है। यह सावरगांव और देसाईगंज (वडसा) से 100 किलोमीटर की दूरी पर घने जंगल में स्थित है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के नारायणपुर जिले की सघन वन सीमा भी लगी हुई है। इन दोनों इलाकों में नक्सली आंदोलन सक्रिय है। यहीं पर आंदोलन में शामिल होने वाले नए नक्सलियों का प्रशिक्षण भी होता है।

तुलसी उर्फ दिलीप महतो छत्तीसगढ़ राज्य में सक्रिय था। इस नक्सली दलम कमांडर ने अपने साथियों को धोखा दिया और नक्सली खजाने को लूटा। फिर, जैसे ही यह बात सामने आई, सहकर्मी उसका 'गेम' करने के लिए तैयार हो गए। जैसे ही इस नक्सली कमांडर को इस बात का अंदेशा हुआ तो वह वहां से भाग गया। फरार होकर वह 'रेस्ट जोन' के नाम से जाना जाने वाले वणी में आश्रय न लेते हुए यवतमाल में आकर छुप गया। पुलिस को इस बात की शिकायत मिलने पर यह मामला सामने आया। इसके बाद जांच को तकनीकी मामले पर केंद्रित किया गया और डेढ़ महीने की ट्रैकिंग के बाद लकड़गंज इलाके में रानी सती मंदिर के इलाके में जांच की गई और इस नक्सली को पकड़ लिया गया।

# शिव जयंती के अवसर पर दिव्यांगों को साहित्य वितरण

## सांसद अमर काले और प्रदेश महासचिव वांदिले के हाथों वितरित किया गया साहित्य



एनसीपी शरदचंद्र पवार- दिव्यांग प्रकोष्ठ का आयोजन

**हिंगनघाट.** शिव जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) शरदचंद्र पवार - दिव्यांग प्रकोष्ठ की ओर से दिव्यांगों के लिए साहित्य वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष मारोती महाकालकर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में वर्धा जिले के लोकप्रिय सांसद अमर काले, जिला अध्यक्ष सुनील राऊत और प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले की विशेष उपस्थिति रही। इनके हाथों दिव्यांगों को साहित्य वितरित किया गया। इस पहल से दिव्यांगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस मौके पर सांसद अमर काले ने जिला अध्यक्ष मारोती महाकालकर को इस सराहनीय आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि समाज में दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना होनी चाहिए। कार्यक्रम में एनसीपी के तालुका अध्यक्ष महेश झोटिंग पाटिल, शहर अध्यक्ष बालू वानखेड़े, सहकार नेता वासुदेव गौलकर, समाजसेवी सुनील डोंगरे, जिला परिवहन अध्यक्ष शेखर जाधव, जिला महासचिव दशरथ ठाकरे, अमोल बोरकर, साहेब येडे, महिला शहर कार्याध्यक्ष सीमा तिवारी समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस आयोजन से दिव्यांगों को आवश्यक साहित्य प्राप्त हुआ, जिससे वे लाभान्वित हुए। आयोजकों ने इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित करने की बात कही।

# नन्नाशाह बाबा दरगाह के पास निर्दयता से बांधे गए 28 जानवर जब्त



**हिंगनघाट.**

शहर के टाका ग्राउंड के सामने स्थित कंपाउंड में नन्नाशाह बाबा दरगाह के पास गोवंश प्रजाति के कई जानवरों को अत्यंत निर्दयता से बांधकर रखा गया था। इन जानवरों को कत्ल के लिए लाया गया होने की गुप्त सूचना मिलने पर, 18 फरवरी की रात करीब 10 बजे वर्धा की स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने वहां छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस को कुल 28 गोवंशीय जानवर बेहद अमानवीय तरीके से बंधे हुए मिले। पुलिस ने इन सभी जानवरों को जब्त कर लिया, जिनकी कुल कीमत 8.75 लाख रुपये आंकी गई है। जब्त किए गए जानवरों को उचित देखभाल, चारा-पानी की व्यवस्था और चिकित्सीय उपचार के लिए गौरक्षण संस्था, हिंगनघाट भेजा गया। इस मामले में आरोपी सादिक खालिद शेख के खिलाफ हिंगणघाट पुलिस थाने में अपराध दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवडे के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, उपनिरीक्षक बालाजी लालपालवाले, मनोज धात्रक, नरेंद्र पाराशर, अरविंद येणुरकर, रवि पुरोहित, रितेश शर्मा, नितिन इटकरे, सागर भोसले, संघसेन कांबले, मिथुन जिचकार और विनोद कापसे की टीम ने इस छापेमारी को अंजाम दिया।

# केडीएम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई शिव जयंती

**दत्तापुर.** केडीएम पब्लिक स्कूल में शिव जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की पूजा-अर्चना से हुई। विद्यालय के प्राचार्य वैद्य सर ने इस आयोजन की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने जोश और उत्साह के साथ शिवाजी महाराज के जीवन पर भाषण दिए। शिवस्तुति और शिवकालीन पोवड़े गाकर छात्रों ने वीर शिवाजी की गौरवशाली गाथा को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की अबेकस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, पदक और ट्रॉफी वितरित किए गए। कार्यक्रम के अध्यक्ष वैद्य सर ने शिवाजी महाराज के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कविता वाढेकर मैडम ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# एंटीनक्सल अभियान को मिली सफलता

## गोंदिया-बालाघाट सीमा पर सुरक्षाबलों ने चार नक्सलियों को किया ढेर

**गोंदिया.** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में नक्सली गतिविधियों के खिलाफ हॉकफोर्स और बालाघाट जिला पुलिस बल को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाते हुए बुधवार 19 फरवरी को थाना गढ़ी के सूपखार वन क्षेत्र में रोंडा फॉरेस्ट कैंप के पास हॉकफोर्स, बालाघाट जिला पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 4 महिला नक्सलियों को मार गिराया गया। बालाघाट पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा मार गिराई गई 4 महिला नक्सलियों के पास से एक इंसास राइफल, एक एसएलआर राइफल और एक 303 राइफल तथा अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है।

इस मुठभेड़ में मारी गई चार महिला नक्सली हैं: आशा रा, भोरमदेव एरिया कमेटी की कमांडर, दक्षिण बस्तर जिला, सुकमा, छत्तीसगढ़, जिस पर 20 लाख रुपये का इनाम था; शीला उर्फ पद्मा उर्फ सरिता रा, भोरमदेव एरिया कमेटी की सदस्य, पेंटा/जगरगुंडा जिला, सुकमा, छत्तीसगढ़, जिस पर 14 लाख रुपये का इनाम था; रंजीता रा, भोरमदेव एरिया कमेटी की सदस्य, कोंडगांव जिला, छत्तीसगढ़, जिस पर 14 लाख रुपये का इनाम था; और लख्खे मडावी, भोरमदेव एरिया कमेटी की सदस्य, सुकमा, छत्तीसगढ़, जिस पर 14 लाख रुपये का इनाम था। इस मुठभेड़ में कुछ महिला नक्सली घायल हुई हैं। बताया गया कि मुठभेड़ के बाद वे घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए।

# बारात लेकर जा रही बस जलकर खाक

**शिंदखेडराजा.**



शादी समारोह के लिए निकली एक निजी ट्रैवल्स बस में अचानक आग लग गई, जिससे बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। यह घटना मंगलवार सुबह शिंदखेड के डांगुर्णे गांव के पास हुई। सौभाग्यवश, चालक की सतर्कता और ग्रामीणों की मदद से बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यह बस वर्धा जिले के हिंगनघाट स्थित सिद्धि ट्रैवल्स की थी, बस चालक रघुनंदन मारुति तडस (45) बारातियों को लेकर शादी समारोह के लिए जा रहे थे। मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे, जब बस सोनगिर से 6 किलोमीटर दूर शिंदखेडराजा के डांगुर्णे गांव के पास पहुंची, तभी अचानक बस से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते उसमें आग लग गई। जैसे ही बस चालक को आग लगने का एहसास हुआ, उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे रोक दिया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। आसपास के ग्रामीण भी तुरंत मौके पर पहुंचे और यात्रियों की मदद की। बस में मौजूद 15 से 17 लोग सुरक्षित बच गए। इसके बाद, आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया और बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। अग्निशामक दल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस घटना के चलते सड़क पर यातायात बाधित हो गया, जिसे बाद में पुलिस और प्रशासन ने बहाल किया। प्राथमिक जांच में माना जा रहा है कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट हो सकती है। पुलिस ने इस मामले को शिंदखेड पुलिस स्टेशन में दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

CMYK

# रणजी ट्रॉफी: विदर्भ के सामने मुंबई मुश्किल में

## यश-अक्षय वाडकर की साझेदारी से विदर्भ ने मुंबई को दबाव में डाला, मुंबई 323 रन पिछे



**नागपुर.** मुंबई के खिलाफ दूसरी पारी में यश राठौड़ के शानदार शतक से विदर्भ मजबूत स्थिति में पहुंच गया है यश ने आउट होने से पहले 151 रन की पारी खेली और विदर्भ को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। रणजी ट्रॉफी के इस सीजन के सेमीफाइनल मुकाबले में दूसरी पारी में मुंबई के खिलाफ विदर्भ की टीम ने यश राठौड़ की शतकीय पारी के दम पर 292 रन बनाए। 292 रन के साथ इस मैच में विदर्भ की कुल बढ़त 405 रन की हो गई और अब मुंबई को फाइनल में पहुंचने के लिए 406 रन की जरूरत है जो आसान नहीं दिखता है। मुंबई की तरफ से दूसरी पारी में शम्स मुलानी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लिए जबकि तनुष कोटियान ने 3 विकेट चटकाए। इस मैच में विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था और फिर इस टीम ने पहली पारी में 383 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई की टीम ने पहली पारी में 270 का स्कोर विदर्भ के खिलाफ खड़ा किया और विदर्भ को पहली पारी में 113 रन की बढ़त मिली। इसके बाद विदर्भ की टीम ने दूसरी पारी में 292 रन बनाए और इस टीम की कुल बढ़त अब 405 रन की हो गई है। रहाणे को सेमीफाइनल में जीत दर्ज करने के लिए अब 406 रन बनाने हैं। यश राठौड़ ने खेली 151 रन की पारी मुंबई के खिलाफ विदर्भ की टीम ने दूसरी पारी में 292 रन बनाए। दूसरी पारी में विदर्भ के लिए मध्यक्रम के बल्लेबाज यश राठौड़ ने बेहतरीन पारी खेली और टीम को संभालने का काम किया। यश ने दूसरी पारी में 11 चौकों की मदद से 151 रन की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने 252 गेंदों का सामना किया। दूसरी पारी में इस टीम के कप्तान व विकेटकीपर अक्षय वाडेकर ने 52 रन की अच्छी पारी खेली जबकि करुण नायर ने सिर्फ 6 रन बनाए। दूसरी पारी में विदर्भ के खिलाफ मुंबई के स्पिनर शम्स मुलानी की गेंदबाजी बेहतरीन रही और उन्होंने 44 ओवर में 85 रन देकर 6 विकेट झटक लिए जबकि तेज गेंदबाज तनुष कोटियान ने दूसरी पारी में 81 रन देकर 3 विकेट लिए तो वहीं शार्दुल ठाकुर को एक सफलता मिली। जबकि दूसरी पारी में उसका स्कोर 83/3 था। उसे जीत के लिए अभी भी 323 रनों की जरूरत है, जबकि विदर्भ को फाइनल में जगह बनाने के लिए आखिरी दिन मुंबई के बचे हुए 7 विकेट चटकाने होंगे। अंतिम दिन के हीरो युवा यश राठौड़ रहे, जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 151 रनों की पारी खेली। इस सीजन में रणजी ट्रॉफी में उनका पांचवां शतक 252 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से बना। इस सीजन में उनके व्यक्तिगत स्कोर 16 पारियों में 933 रन हैं। इसका मुख्य कारण उनकी शानदार पारी और कप्तान अक्षय वाडकर (52) के साथ उनकी मैच जिताऊ साझेदारी थी, जिसने मुंबई को जीत से वंचित कर दिया। बुधवार को 56/4 के स्कोर पर विदर्भ के संकट के समय साथ आए इन दोनों ने दूसरी पारी में पांचवें विकेट के लिए 158 रन जोड़े। वाडकर और हर्ष दुबे के आउट होने के बाद भी राठौड़ ने इसी लय को जारी रखा। उन्होंने पिछले बल्लेबाजों को बचाया और टीम के स्कोर में महत्वपूर्ण रन जोड़े। वे आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज थे, क्योंकि विदर्भ की दूसरी पारी चाय के ब्रेक के समय 292 रन पर सिमट गई। आखिरी पारी में 406 रनों के विशाल लक्ष्य का सामना करने के लिए मुंबई के बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे।



### सेमीफाइनल: 4 दिन का खेल ख़त्म


विदर्भ पहले बल्लेबाजी का फैसला, विदर्भ की पहली पारी 107.5 ओवर में 383 रन पर ऑल आउट (ध्रुव शौरी 74, दानिश मालेवार 79, करुण नायर 45, पार्थ रेखाडे 23, यश राठौड़ 54, अक्षय वाडकर 34; शम्स मुलानी 2/62, शिवम दुबे 5/49, रॉयस्टन डायस 2/48) मुंबई की पहली पारी 92 ओवर में 270 रन (आकाश आनंद 106, सिद्धेश लाड 35, शार्दुल ठाकुर 37, तनुष कोटियन 33; पार्थ रेखाडे 4/55, यश ठाकुर) 2/73, हर्ष दुबे 2/68) विदर्भ की दूसरी पारी 110.1 ओवर में 292 रन पर ऑल आउट (यश राठौड़ 151, अक्षय वाडकर 52; शम्स मुलानी 6/85, तनुश कोटियन 3/81) मुंबई दूसरी पारी 31 ओवर में 83/3 (आकाश आनंद 27 रन; हर्ष दुबे 2/26) मुंबई को जीत के लिए 323 रनों की जरूरत है.

## रमजान से पहले मोमिनपुरा में सफाई कर्मचारियों की बढ़ोत्तरी की मांग



**नागपुर.** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव अतीक कुरैशी के नेतृत्व में प्रभाग क्र.8 मोमिनपुरा की विभिन्न समस्याओं को लेकर नागपुर महानगर पालिका के अतिरिक्त आयुक्त आंचल गोयल से मुलाकात की,अतीक कुरैशी ने कहा है कि 1मार्च 2025 से पवित्र रमजान महीना शुरू हो रहा है प्रभाग क्र.8 में धार्मिक स्थलों की संख्या काफी मात्रा मे है यहां पर हमेशा गटर लाइन का गंदा पानी आने जाने के रास्ते पर किसी भी समय बहता है गटर और नालियों की डिसलटिंग महीनो नहीं की जाती जगह-जगह कचरो के अंबार लगे रहते हैं शिकायत करने पर एक ही बहाना रहता है कि हमारे पास कर्मचारियों की कमी है, कुरैशी ने अतिरिक्त आयुक्त से कहा है कि यूनानी हाजिरी स्टैंड पर सफाई कर्मचारियों की तत्काल बढ़ोतरी की जाए और जो रिटायर सफाई कर्मचारी हुए हैं उनकी जगह सफाई कर्मचारियों को भेज कर पूर्ण किया जाए यूनानी हाजिरी स्टैंड के जो कर्मचारी सिविल कार्यालय व जॉन क्र. 6 में है उन्हें वापस यूनानी हाजिरी स्टैंड पर भेजा जाए. प्रभाग क्र 8 शेख बारी चौक से लेकर लाल स्कूल तक का रोड पिछले 20 वर्षों से अपनी बेबसी पर आंसू बहा रहा है इस रास्ते पर आम नागरिकों का चलना दुश्वार हो गया है कई बार जॉन क्रम. 6 पर शिकायत करने पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं अतिरिक्त आयुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिए हैं के सभी समस्या का समाधान तत्काल निकालने का आश्वासन शिष्ट मंडल को दिया.

## श्री गजानन महाराज मंदिर में हुआ पांच कुंडिय यज्ञ का समापन



**सौसर.** गजानन कॉलोनी सौसर में तीन दिवसीय आयोजन में गजानन महाराज मंदिर व्यवस्था समिति के व्यवस्थापक एड. एम एम पूरी ने बताया कि गजानन मंदिर के 21वीं वर्षगांठ पांच कुंडिय यज्ञ, गजानन महाराज का अभिषेक, गजानन पोथी अखंड पारायण तथा शिवाजी महाराज जयंती मनाई गई। इसमें देवेंद्र केदार, नरेंद्र बोरकर, लहू सरोदे, पी सी.साहू, चंद्रशेखर कलंबे, रामभाऊ रामभाऊ निखाडे, देवमन संभारे, कृष्णजी ढवड़े, प्रवीण गुरव, रमेश मानकर, मंदा बैंडे, सरोज भादे, रेखा वाघमारे, राजू बोबडे, रीना गुरव, और सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

## जिलाध्यक्ष मोहोड ने की सीएम से भेंट

### विकास कार्यो के प्रस्तावों को लेकर चर्चा की



**सौसर.** मंगलवार को जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेट करते हुए पांढुर्णा जिले के विकास कार्यो के साथ- साथ सुविख्यात चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली में प्रस्तावित हनुमान लोक परियोजना को गति देने पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष मोहोड ने बताया कि, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट के दौरान पांढुर्णा जिले के सौसर एवं पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यो को आवश्यक आवटंन तथा नवीन प्रस्तावित विकास कार्यो को स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है।

इसके अलावा अन्य विषयों पर भी चर्चा की। वही मोहोड ने जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिह तोमर से भेट भेट कर जिले की संगठनात्मक एवं विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेष भाजपा के मिडीया प्रभारी एड. अजय धवले भी उपस्थित थे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती धूमधाम से मनाई गई

### विधायक समीर मेघे और विकास ठाकरे रहे मौजूद

**वाडी.** भारत सहारे मित्र परिवार ने छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन किया। सर्वप्रथम काटोल बाईपास टी प्वाइंट पर शिव छत्रपति महाराज के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से क्षेत्र के विधायक समीर मेघे और विधायक विकास ठाकरे, शिवसेना, युवा सेना सेना कोर कमेटी सदस्य हषर्ल काकडे





शामिल हुए। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था, और शानदार साउंड सिस्टम के जरिए देशभक्ति, शिवभक्ति गीतों ने माहौल को और भी जोशपूर्ण बना दिया। जयंती समारोह के दौरान शिवाजी महाराज की वीरता और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। आयोजन में सभी ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, और पूरा माहौल शिवाजी महाराज के जयघोष से गूंज उठा। यह आयोजन न केवल ऐतिहासिक विरासत को सम्मान देने का अवसर था, बल्कि समाज में एकता और संस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने का भी प्रतीक बना।इस दौरान आयोजक भारत सहारे, दिनेश कोचे, योगेश शेंडे, प्रदीप इंगोले, सागर जायसवाल, सचिन सहारे, यश साहू, जीवन मोहिते, अजय घवघवे, संतोष पाल, योगेश चनापे, राकेश चौधरी, अमित मिश्रा और अन्य प्रमुखता से मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय मुख्यमंत्री कप कबड्डी टूर्नामेंट



**नागपुर.** अखिल भारतीय "मुख्यमंत्री कप" कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन 28 फरवरी, से 2 मार्च, तक नरेंद्र नगर के लक्षधे मैदान में सुबह और शाम के सत्र में किया जाएगा, जिसका संयुक्त आयोजन नागपुर महानगरपालिका और लक्षधे बहुउद्देशीय संस्था नरेंद्र नगर द्वारा किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए बनाए जा रहे मैदान का भूमिपूजन पूर्व महापौर संदीपजी जोशी ने किया, जबकि कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक एवं कबड्डी खिलाड़ी गिरीशजी व्यास ने किया। नरेंद्र नगर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक बोर्ड के सचिव एवं वरिष्ठ नागरिक सुरेशजी करदले ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्रीकांत दुचक्के, संयोजक भूषण केसकर और संजय पवनीकर उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व महापौर संदीप जोशी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें सर्वोत्तम संभव प्रतियोगिता सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाने की सलाह दी,

## जिलाध्यक्ष मोहोड के हस्तें माता मंदिर का भूमिपूजन



**सौसर.** ग्राम पंचायत उटेकांटा के आश्रित ग्राम घोंदी में माता मंदिर का भूमिपूजन जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड के हस्तें सम्पन्न हुआ। जनसहयोग से बन रहे इस मंदिर की आधारशीला रखते हुये जिलाध्यक्ष मोहोड ने कहा कि, भारत देष में बडे-बडे दैवीय अवतारों ने जन्म लिया है। हमें सनातन और संस्कृति की रक्षा के लिये आगे आना चाहिये। अवसर पर सरपंच राजु भानगे, मारोतराव खेकडे, लक्ष्मण रूंघे, भीमराव बडवाईक, मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल, परमेष मरावी, कुच्चा बेटेकर, ज्ञानेदेव, चंद्रभान आदि उपस्थित थे।

## कार से स्टंट करने वाले छात्र गिरफ्तार

**नागपुर.** शहर के अमरावती मार्ग पर चलती कार में स्टंट करने वाले छात्रों पर ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने पांच वाहनों को डिटेन कर उनके चालक छात्रों के खिलाफ चालान जारी किया और भविष्य में ऐसी हरकत न करने की सख्त चेतावनी दी।

चार दिन पहले कुछ छात्रों ने अमरावती रोड पर कार ड्राइविंग के दौरान खतरनाक स्टंट किए। उनके कुछ साथी कार की छत पर बैठ गए, जबकि कुछ ने कार की खिड़कियों से बाहर निकलकर लापरवाही भरे कारनामे किए। करीब आधे घंटे तक यह खतरनाक स्टंट बाजी जारी रही, जिसके बाद छात्रों ने इसकी वीडियो क्लिपिंग सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी।

## नकली दस्तावेज मामले में आरोपी को दो साल की सजा

**नागपुर.** प्रथम श्रेणी न्यायदंडाधिकारी न्यायालय (कोर्ट नंबर 02) के न्यायाधीश वी.एस. राऊत की कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में नकली दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले आरोपी आनंद जंगलूजी तंत्रपाले प्लॉट नं. 2057, खोब्रागडे ले-आउट, सर्वश्री नगर, दिघोरी निवासी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। मामला सीताबर्डी पुलिस थाना अंतर्गत दर्ज हुआ था जिसमें आरोपी ने ऑटो रिक्शा परमिट के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में फर्जी स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र जमा किया था। जांच के दौरान यह दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर उप-प्रादेशिक परिवहन अधिकारी संदीप घोडे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 465, 468 और 471 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया था। सबूतों के आधार पर अदालत ने आरोपी को धारा 468 भा.दं.वि. के तहत 2 वर्ष की सजा और ₹500 का जुर्माना (जुर्माना न भरने पर 15 दिन अतिरिक्त सजा) तथा धारा 471 भा.दं.वि. के तहत 1 वर्ष की सजा व ₹500 का जुर्माना (जुर्माना न भरने पर 15 दिन अतिरिक्त सजा) सुनाई। इस मामले की जांच तत्कालीन पुलिस निरीक्षक जी.पी. राऊत ने की थी, जबकि सरकारी पक्ष की ओर से विशेष अभियोजक एडवोकेट बी.डब्ल्यू. वानखेडे और बचाव पक्ष की ओर से एडवोकेट ए.आर. ईटनकर ने पैरवी की। कोर्ट पैरवी अधिकारियों के रूप में किरण और मीनल ने अहम भूमिका निभाई।

## तड़ीपार आरोपी तलवार सहित गिरफ्तार

**नागपुर.** पाचपावली पुलिस ने एक तड़ीपार आरोपी को तलवार के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार करीब 2:20 बजे पाचपावली पुलिस की टीम गश्त पर थी, तभी उन्हें सूचना मिली कि ठक्करग्राम नाले के पास एक व्यक्ति तलवार लहराते हुए हंगामा कर रहा है। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को तलवार सहित हिरासत में लिया। सीताराम हेडाऊ (26), मिलींद नगर, पाचपावली निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से तलवार जब्त की। जब पुलिस ने उसका रिकॉर्ड खंगाला तो पता चला कि आरोपी को पुलिस उपायुक्त, परिमंडल 3 ने एक वर्ष के लिए नागपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र से तड़ीपार किया गया था।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 190-0 | 239-4 |
| श्रीदेवी नाईट | 388-9 | 556-6 |
| प्रभात | 467-7 | 138-2 |
| प्रभात नाईट | 122-5 | 146-1 |
| डायमंड | 345-2 | 369-8 |
| मेन बाजार | 249-5 | - |
| मिलन डे | 670-3 | 269-7 |
| मेन रतन | 478-9 | 490-3 |
| कल्याण | 399-1 | 179-7 |
| राजधानी डे | 277-6 | 126-9 |
| राजधानी नाईट | 134-8 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 136-0 | 259-6 |

## एलीट डिवीजन लीग में रब्बानी-क्लब ने जीता फुटबाल का खिताब

### अध्यक्ष अहफाज अहमद के निर्देशन को मिली कामयाबी

**कामठी.** सुयोग नगर स्थित जिला फुटबॉल संघ मैदान आंबेडकर स्टेडियम में एलीट डिवीजन फुटबॉल टूर्नामेंट को रब्बानी क्लब एवं यंग मुस्लिम फुटबॉल क्लब टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया जो बेहद रोमांचक रहा। दोनो टीमों ने बेहतरीन खेल का मुजाहिरा किया। इस रोमांचक मैच में रब्बानी क्लब के खिलाड़ियों ने उत्तम प्रदर्शन एवं अध्यक्ष व कामठी नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अहफाज अहमद ठेकेदार के निर्देशन की बदौलत टूर्नामेंट के फाइनल को एक गोल से जीत लिया। रोमाचंक मुकाबले को टाईब्रेकर में रब्बानी एफसी ने जीतकर एनडीएफए एलीट डिवीजन फुटबॉल टूर्नामेंट का सरताज बनने का गौरव हासिल किया.




दोनों टीमों की ओर से 1-1 गोल किया गया. पहला गोल रब्बानी की ओर से 19वें मिनट में मो. रिजवान ने दागकर टीम को बढ़त दिलाई. हालांकि 82 वें मिनट में यंग मुस्लिम की ओर से फहाद जुनैद ने गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया. टाईब्रेकर में हुए फैसले में रब्बानी 5-4 से मुकाबला जीतकर चैम्पियन बन गई. चैम्पियन रब्बानी क्लब को 1 लाख 25 हजार रुपए कैश प्राइज, उपविजेता यंग मुस्लिम फुटबॉल क्लब एफसी को 75 हजार कैश प्राइज दिया गया. मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब रब्बानी क्लब के ओवैस असरफ को 35000 रुपए कैश प्राइज, मैन ऑफ द मैच रब्बानी क्लब के मो. रिजवान को 15000 रुपए, बेस्ट प्लेयर रनरअप टीम यंग मुस्लिम फुटबॉल क्लब के फवाद जुनैद को 7500 रुपए, बेस्ट गोलकीपर यंग मुस्लिम फुटबॉल क्लब के अब्दुल्ला अंसारी को 7500 रुपए, बेस्ट डिफेंस यंग मुस्लिम फुटबॉल क्लब के यश शुक्ला को 7500 रुपए, इसके अलावा विजेता टीम के कोच नासिर जमाल और उपविजेता टीम के कोच अनिकेश को 5-5 हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में जेएसडब्ल्यू के कलमेश्वर प्लांट हेड राजेश जैन, कपिल नगर के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, जेएसडब्ल्यू के एजीएम रिंकू सिंह चौधरी, जिला संघ के अध्यक्ष हरीश वोरा, सचिव इकबाल कश्मीरी, महासचिव स्टैनली ग्रेगरी, उपाध्यक्ष यूजिन नार्बर्ट, प्रा. आत्माराम पांडे, खालिद अंसारी, कामील अंसारी, एबी खान, डॉ. कमाल अंसारी, अदनान अली, महफूज अख्तर, हेमंत सहानी, आबिद खान आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता उपस्थित थे।

